# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।

जल सारथी

फोन नं0–05882–297788
सी0यू0जी0 नं0– 9151919411
Email – jalnigam_plb@yahoo.in

पत्रांकः 3532/पेपर कटिंग/32 दिनांकः 27/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

**विषय :** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 में शीर्षक ''महनरिया में जल जीवन मिशन की टंकियों में पानी नहीं, ग्रामीणों को नियमित आपूर्ति नहीं, लीकेज टोटियों की भी समस्या'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 में शीर्षक ''महनरिया में जल जीवन मिशन की टंकियों में पानी नहीं, ग्रामीणों को नियमित आपूर्ति नहीं, लीकेज टोटियों की भी समस्या'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– पूरनपुर की बहादुरपुर पाइप पेयजल योजना की ग्राम पंचायत– मनहरिया में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम(फेज–3) के अन्तर्गत फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा कराया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत टयूवबैल, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, सोलर अधिष्ठापन, बाउन्ड्रीवॉल, 680 नग गृह संयोजन एवं 11.12 कि0मी0 पाइप लाईन का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक टयूवबैल, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, सोलर अधिष्ठापन, बाउन्ड्रीवॉल, पाइप लाईन एवं सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु वर्षा होने के कारण ग्राम– मनहरिया में सड़क settled हो गया है, जिसका पुर्नस्थापना कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है। साथ ही शेष गृह संयोजन का कार्य भी प्रगति पर है, जिसको 01 सप्ताह में पूर्ण करा दिया जायेगा। वर्तमान में योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

**संलग्नकः फोटोग्राफ।**

भवदीय

27.8.26

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0एवं दिनांकःउपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
2. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज को उपरोक्त अवशेष कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता**




GPS Map Camera
Kuraiya Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India
C67x+cr, Kuraiya Khurd Kalan, Uttar Pradesh 262123, India
Lat 28.414209° Long 80.251589°
Tuesday, 25/08/2026 04:03 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Kuraiya Khurd Kalan, Uttar Pradesh, India
C67x+cr, Kuraiya Khurd Kalan, Uttar Pradesh 262123, India
Lat 28.414209° Long 80.251589°
Tuesday, 25/08/2026 04:04 PM GMT +05:30
Google

